NEWS इन ब्रीफ

## औद्योगिक क्षेत्रों में खाली पड़े 167 प्लॉट का होगा आवंटन

**रांची।** राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में खाली पड़े 167 प्लॉटों का आवंटन होगा। लंबे समय बाद झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार ने इतने बड़े पैमाने पर आवंटन के लिए उद्यमियों से आवेदन मांगे हैं। इस संबंध में प्राधिकार ने आम सूचना जारी कर उद्यमियों से 28 अप्रैल तक आवेदन करने को कहा है। वहीं, इच्छुक उद्यमी सिंगल विंडों सिस्टम की वेबसाइट पर उद्योग लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जियाडा ने इसके लिए प्रोसेसिंग शुल्क एक एकड़ के लिए 10 हजार, एक से अधिक व तीन एकड़ तक के लिए 25 हजार और तीन एकड़ से अधिक जमीन के लिए 50 हजार रुपए जीएसटी के साथ निर्धारित किया है।

## बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए उपकरणों की मांगी गई जानकारी

**रांची।** जिले के शिक्षकों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने को लेकर एक बार फिर स्कूलों से उपकरणों की वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है। जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से स्कूलों को एक गूगल फॉर्मेट भेजा गया है, जिसमें टैब और मंत्रा डिवाइस की स्थिति पर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। यह निर्देश शिक्षकों द्वारा ई विद्यावाहिनी-1 पर शत प्रतिशत उपस्थिति नहीं बनाए जाने को लेकर दी गई है।

## डोरंडा कॉलेज में खुला झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (जेएसओयू) के अध्ययन केंद्र की शुरूआत शनिवार को हुई। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, जेएसओयू के कुलपति डॉ टीएन साहू, डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। डॉ टीएन साहू ने कहा कि इस मुक्त विश्वविद्यालय से कम शुल्क में विद्यार्थी रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय उन लोगों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देता है, जो किसी कारण से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण जनमानस, महिला, पुरुष, निःशक्त और आर्थिक रूप से कमजोर, जो बाहर जाकर अध्ययन करने में असमर्थ है।

## फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए उमड़ी भीड़

**रांची।** पर्यटन,कला संस्कृति, खेल कूद एव युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) के लिए बालक एवम बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन कमार दुधानी स्टेडियम दुमका में शुरू हुआ। जिसमें दुमका के अलावे पाकुड़, साहेबगंज, जामताड़ा, गोड्डा, देवघर,धनबाद जिला के खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवम स्किल टेस्ट लिया गया। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन,30 मीटर, 10 मीटर गुणा 6 सटल रनिंग, बॉल थ्रो, 800 मीटर ,वर्टिकल जंप, स्किल टेस्ट के अंतर्गत ड्रिबलिंग, जैगलिंग, बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए गए। वहीं दूसरे दिन प्रातः 8:00 बजे से भी ट्रायल होंगे।
19-20 अप्रैल-रामा साहू हाई स्कूल- गढ़वा 24-25 अप्रैल -कर्जन स्टेडियम- हजारीबाग में ट्रायल होंगे। उपर्युक्त स्थलों से चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवम 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया।

# छवि रंजन से पूछताछ की तैयारी में ईडी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन पूरी तरह से ईडी के रडार पर आ चुके हैं ।ईडी किसी भी दिन छवि रंजन को पूछताछ के लिए एजेंसी के दफ्तर बुला सकती है । गिरफ्तार अंचल कर्मी और भू माफियाओं ने छवि रंजन को लेकर कई जानकारियां ईडी को दी है ।

छवि के कार्यकाल में हुआ हेराफेरी छवि रंजन के द्वारा रांची डीसी के कार्यकाल के दौरान ही सेना की जमीन पर कब्जे की कोशिश शुरू हुई थी । इस पूरे मामले में तत्कालीन डीसी छवि रंजन की भूमिका बेहद संदिग्ध है ।ईडी से मिली जानकारी के अनुसार बड़गाई सीओ मनोज कुमार ने इस सम्बंध में कई जानकारियां एजेंसी को दी है ।बड़गाई सीओ के अनुसार सेना की कब्जे वाली जमीन प्रकरण में तत्कलीन डीसी छवि रंजन ने पूरे अंचल पर दबाब बनाया था ।छवि रंजन के दबाब में ही सेना के जमीन मामले में कई बदलाव किए गए जो गलत थे ।

**अगले सप्ताह हो सकती है पूछताछ :** ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईएएस अधिकारी छवि रंजन से पूछताछ के लिए अगले सप्ताह उन्हें एजेंसी के दफ्तर बुलाया जाएगा ।आने वाले सोमवार से लेकर शनिवार तक किसी भी दिन छवि को एजेंसी के दफ्तर बुलाया जा सकता है ।

**सामने बिठा कर हो सकती है पूछताछ :** शुक्रवार को ईडी ने अंचल कर्मी भानु प्रताप सहित सात भू माफियाओं को भी गिरफ्तार किया है ।शुक्रवार को तो सभी को जेल भेज दिया गया था लेकिन अब इनसे पूछताछ के लिए आईडी अदालत में रिमांड के लिए आवेदन देने वाली है । रिमांड मिलते ही भानु ,बागची जैसे लोगो से पूछताछ होगी ।इसी दौरान छवि रंजन को भी बुलाया जाएगा ।एजेंसी इस दौरान छवि रंजन और गिरफ्तार आरोपितों को आमने सामने लाकर भी पूछताछ कर सकती ।

हमेशा विवादों में रहे है छवि रंजन रांची के पूर्व डीसी और आईएएस अधिकारी छवि रंजन हमेशा विवादों में रहे है । खासकर रांची में अपने कार्यकाल के दौरान जमीन मामलों को लेकर अक्सर में विवादित कार्य करते रहे । रांची के विधायक सीपी सिंह ने तो भरे विधानसभा में उन पर कई तरह के आरोप लगा दिए थे । विधानसभा में सीपी सिंह ने कहा था कि छवि रंजन आर्म्स लाइसेंस देने के लिए लाखों रुपए रिश्वत लेते हैं ।ये तो मात्र एक विवाद है । इससे पहले भी वे कोडरमा में पेड़ कटाई की की वजह से एंटी करप्सन ब्यूरो के राडार आ गए थे,लेकिन सेना जमीन खरीद में हुई गड़बड़ी के बाद से ही छवि रंजन ईडी की रडार पर आ गए । ईडी ने सेना के कब्जे वाली 4 ।55 एकड़ जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी की जांच बरियातू थाने में दर्ज केस के आधार पर शुरू की थी । नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने नगर आयुक्त के आदेश पर प्रदीप बागची के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड, फर्जी बिजली बिल, पोजेशन लेटर देकर होल्डिंग के आवेदन देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था । इसके बाद ईडी ने इस मामले में केस दर्ज किया था ।प्रदीप बागची ने जमीन की रजिस्ट्री जगत बंधु टी स्टेट के नाम पर कर दिया था ।इस कंपनी में चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल पूर्व में निदेशक रह चुके हैं, निदेशकों के यहां ईडी पूर्व में दबिश दे चुकी है ।वहीं ईडी ने डिप्टी रजिस्ट्रार घासीरामी पिंगूआ के यहां इस मामले में छापेमारी की थी, वहीं उससे पूछताछ की थी । तब डिप्टी रजिस्टार ने बताया था कि उसने तत्कालीन डीसी छवि रंजन के कहने पर जमीन की रजिस्ट्री की थी । वहीं रांची में कई सौ एकड़ जमीन की खरीद में छवि रंजन के पद पर रहने के दौरान ही घोटाला हुआ, ऐसे में वह एजेंसी की रडार पर आ गए थे ।

# 'रानी संस्था' का शताब्दी वर्ष मना धूमधाम से



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो प्रखंड स्थित प्रेरितो की रानी संस्थान द्वारा धूमधाम से शताब्दी वर्ष समारोह मना या गया। समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में आर्च विशप फैलिक्स टोप्पो एवं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत परम्परागत तरीके से मुख्य द्वार पर परिछन कर नृत्य संगीत के साथ मंच तक लाया गया ।मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया ।संस्था की धर्मबहनो एवं दिव्यांग बच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में संस्था के दिव्यांग बच्चों एवं धर्मबहनों द्वारा अतिथियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके तत्पश्चात अतिथि ने उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए संस्था के दिव्यांग बच्चों एवं धर्मबहनो के कार्यो की सराहना की। मौके पर मुखिया शिव उरांव, महादेव उरांव, विधायक प्रतिनिधि ईशितयाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, प्रमोद लाल, इरशाद खान, शशि साहू, अब्दुल्ला अंसारी, एनुल अंसारी, जुल्फेकर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 10 दिवसीय रामलीला मंचन





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के टभाडीह सरना मंदिर प्रांगण में देर शाम से 10 दिवसीय रामलीला मंचन की शुरूआत की गई रामलीला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आए हुए विप्र मंडली के द्वारा किया जा रहा है पहला दिन की शुरूआत पंचायत के उप मुखिया अशोक कुमार गुप्ता पूर्व मुखिया हीराराम, विहिप के सत्संग प्रमुख प्रकाश दास, एवं गांव के लोगों के द्वारा विधिवत रूप से राम दरबार की आरती उतारते हुए नारियल फोड़कर की गई।उत्तर प्रदेश से आए हुए कलाकारों के द्वारा पहला दिन राजा दशरथ से विश्वामित्र ऋषि के द्वारा अपने राम और लक्ष्मण को मांग कर ऋषि मुनियों के यज्ञ को सुरक्षित रखने का जीवंत रूप दिखाया गया इधर कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति भजन की की गई जहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया इधर रामलीला देखने के लिए तामड़ा, टभाडीह, चीकसुरा, कामतारा, कुम्हारटोली, कुम्बाटोली सहित आसपास के कई गांव के लोग पहुंचे जहां पर काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी बताया गया कि 10 दिनों तक यहां पर रामलीला मंचन का आयोजन होगा जिसके बाद समापन की जाएगी सरना मंदिर की समिति ने लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक लोग आकर उक्त रामलीला का आनंद लें इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से वीरेंद्र यादव, मुन्ना केसरी ,कृष्णा केसरी, रोहित राय, पुनीत राय, दीनानाथ केसरी, संदीप केसरी,मनोज साहू, सहित काफी संख्या में युवाओं की सराहनीय भूमिका रही।

# आर्मी लैंड स्कैम : ईडी कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेजा

### सेना की जमीन घोटाले मामले में आरोपितों से चार दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सेना की जमीन को फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेच डालने के मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों को शनिवार को ईडी कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड पर भेज दिया। रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी की ओर से पांच दिनों की रिमांड की मांग की गयी थी। रिमांड की अवधि रविवार से शुरू होगी। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर 14 अप्रैल को जेल भेजा गया था। कोर्ट ने ईडी की ओर से दायर रिमांड पीटिशन पर शनिवार को सुनवाई की। सेना के कब्जेवाली जमीन के हेराफेरी के आरोप में ईडी ने प्रदीप बागची समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में बड़गाईं के सीआई भानुप्रताप के अलावा जमीन कारोबारी अफसर अली, तलहा खान, फैयाज खान, सद्दाम हुसैन और इम्तियाज अहमद के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को सरकारी जमीन की हेराफेरी में महत्वपूण भूमिका निभाने के आरोप में रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं के सीओ मनोज कुमार, सीआई भानुप्रताप और अमीन सुजीत कुमार सहित जमीन करोबार से जुड़े 18 लोगों के ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी ने सेना की जमीन में हेराफेरी करनेवाले चंदन बागची के आसनसोल स्थित ठिकाने पर छापा मारा था।

## सेवानिवृत्ति उत्सव-सह- सम्मान समारोह का आयोजन

**रांची।** रांची जिले के प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान निमित सेवा निवृत्ति उत्सव-सह-सम्मान समारोह का आयोजन प्रखण्ड संसाधन केन्द्र (बी0आर0सी0) राँची के सभागार में श्री आकाश कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ।उक्त कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालयों से-1. श्री मिथिलेश कुमार झा- से0 नि0 व्याख्याता- राजकीय बालिका +2उ0 वि0 बरियातू, रांची ।2. शिल्पी प्रसाद, से0नि0,शि0, बाल कृष्ण +2 उच्च विद्यालय रांची। 3. श्रीमती मेबल स्नेहलता कुजूर ,से0नि0 शि0, प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्च विद्यालय ओपा, चानहो, रांची । 4 . श्री सुदामा साहू, से0नि0 लिपिक, प्रोजेक्ट बालिका उ0 वि0 बेड़ो, रांची ।

## ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने की जय भारत सत्याग्रह सभा की तैयारी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कांग्रेस भवन में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों और प्रखण्ड अध्यक्षों की बैठक जिला तैयारी अध्यक्ष डॉ.राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा अगामी 16 अप्रैल को आहुत जय भारत सत्याग्रह सभा की तैयारी एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की ने कार्यकताओं से आहवान किया कि जय भारत सत्याग्रह सभा को सफल बनाने के लिए जुट जाएं कार्यकताओं के के सहयोग और मेहनत से ही कार्यक्रम सफल होगा श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा के लोग उन्माद फैला रहे हैं उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना है। पार्टी के संगठन प्रभारी श्री रविंद्र सिंह ने कहा कि सब से बड़ी बात है कि जय भारत सत्याग्रह के समापन कार्यक्रम यहां अच्छा होना चाहिए। प्रदेश के लोग मदद करने को तैयार हैं। प्रखंड अध्यक्षों को दायित्व लेना है। वरिष्ठ नेता श्री अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी हमारे सर्वमान्य नेता है मोदी और शाह के साजिश के तहत राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है आज इस संघर्ष के समय में हम सबको एक होकर देश के लिए लडना है और 16 अप्रैल के सत्याग्रह सभा को सफल बनाना है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डा.राकेश किरण महतो ने कहा यह बहुत ही संघर्ष की घड़ी है हमारे नेता पूरे भारत वर्ष में संघर्ष कर रहे हैं गंगा यमुना की तहजीब को बचाये रखने के लिए।अब यह समय आ गया है हम सभी संगठन के लोग हर पहलू से उपर उठ कर अपनी हर बहानों को छोड़ कर कांग्रेस पार्टी के लिए ग्रासरूट तक संघर्ष करना करें।

## जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए प्रखण्ड के पेशरार बाजार टांड़ में प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार की अगुवाई में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पेशरार प्रखंड प्रभारी दीपक महतो, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह खेरवार शामिल हुए औ? नुक्कड़ सभा के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करते हुए दीपक कुमार महतो ने कहा देश में मंहगाई , बेरोजगारी,अडानी , निरव मोदी, जैसे व्यापारी देश का पैसा लेकर भागे है गरीबों का पैसा डुबाया है मननीय नेता राहुलगांधी सदन मे सवाल पुछते है,स्रूसे जांच की मांग की इससे डर कर केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है।

# खो-खो प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला खो-खो संघ के तत्वावधान एवं फाउंडेशन मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय स्वर्गीय मंजू सोनी मेमोरियल खो-खो ओपेन पुरुष - महिला खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन आज लीची बागान प्रांगण ,सेक्टर -2 ,धुर्वा, रांची में भारतीय जनता प्आरती कुजूर एवं आशुतोष द्विवेदी ने नारियल फोड़कर एवं खिलाड़ियों से संयुक्त रूप से परिचय प्राप्त किया। सभी अतिथियों का स्वागत एवं मंच का संचालन रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने किया। पूरे प्रतियोगिता का संचालन रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं जिला रेफरी संयोजक सुनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पूरे मैच में संगीता कुमारी,संजय कुमार, कौशल कुमार, शुभम सिंह, प्रीति कुमारी ,सौम्या सेजल वर्मा,प्रीति रानी ,शिवम कुमार करण लोहरा, ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय निर्णायक विजय पाल तिर्की, अंजली लकड़ा पंचायत सदस्य ,सांवत कुमार, सुमीत मुंडा एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र ने प्लेन प्लेन मोराबादी को करे संघर्षपूर्ण मैच में 17-13 अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं बालिका वर्ग में नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र रांची ने मैजरेलो स्कूल नामकोम की जूनियर टीम को 14-07अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। बालक वर्ग के मैच में बिरसा मुंडा क्लब, बिरसा चौक ने डी.ए.भी.गांधीनगर को संघर्षपूर्ण मैच में 19-12 अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। बालिका वर्ग के मैच में मैजरेलो स्कूल नामकोम ने महात्मा गांधी क्लब को 21-16 अंकों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पूरे प्रतियोगिता लीग पद्धति के अनुसार खेला गया। लीग पद्धति के आधार पर बालक वर्ग में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र लीची बागान, सेक्टर 2, धुर्वा, रांची एवं बालिका वर्ग में नेशनल योग प्रशिक्षण केंद्र की फाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सह पुरस्कार वितरण पूर्वाह्न ग्यारह बजे किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी सह खेलप्रेमी डॉ० पंकज सोनी एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी जी होंगे।

कला

## विश्व कला दिवस पर कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

# कला का विकास मानव सभ्यता से पहले हुआ






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

'विश्व कला दिवस' के अवसर पर सीएआरडीएस (छोटानागपुर आर्ट एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी) रांची के कलाकारों द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक, सरयू राय के सरकारी आवास, डोरंडा, ए जी मोड़, राँची में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सरयू राय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पहली बार शनिवार को विश्व कला दिवस के अवसर पर कला प्रदर्शनी का आयोजन सीएआरडीएस एवं युगान्तर आर्ट एंड ह्यूमैनिटीज के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रामानुज शेखर बधाई के पात्र है। सरयू राय ने बताया कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक इटली के 'लियोनार्डो द विंची' के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर वर्ष 2012 से युनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष विश्व कला दिवस का आयोजन किया जाता है। युनेस्को ने इस साल का थीम 'आर्ट इज गुड फॉर हेल्थ' रखा है। कला का मानव स्वास्थ्य एवं उसके जीवन पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हमने देखा है कि संगीत थैरेपी भी कई देशों में मरीजों को दी जाती है। कला का विकास मानव सभ्यता के विकास से भी काफी पहले हुआ है। आदिमानव काल के गुफाओं कंदराओं में विभिन्न आकृतियों में उकेरी गयी चित्रकारी आज भी विद्यमान है। सदियों पूर्व प्रस्तर पर उकेरी गई अजंता-एलोरा की कलायें आज भी जीवन्त प्रतीत होती है, इसका प्राकृतिक रंग आज भी चटकदार है। युनेस्को ने भारत सहित विश्व के ऐसे कई स्थानों को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में सरंक्षित किया है। यह लोगों के लिए रचनात्मकता के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने का एक तरीका है। सच्ची कला केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है। यह दुनिया के बारे में कलाकार के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है और उनकी परिकल्पना, अंर्तदृष्टि का प्रकटीकरण करता है। भारत में प्रतिवर्ष 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय कला दिवस मनाया जाता है। हमने पिछले दिनों राँची में पर्यावरण मेला का आयोजन किया था। मेले में दो दिवसीय आर्ट कैम्प का आयोजन किया गया थ, जिसमें राज्य के अनेक चित्रकारों ने भाग लिया और लाईव पेंटिंग के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संकट एवं जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई। मैं आशा करता हूँ कि सीएआरडीएस एवं युगान्तर आर्ट एंड ह्यूमैनिटीज राज्य के कलाकारों को आमंत्रित कर उन्हें एक मंच पर साथ लाने का कार्य करेगी।

# जनसेवक बनकर ठगी आवास योजना की राशि



**भंडारा /लोहरदगा । भंडारा**

प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत के सेंगराटोली गांव निवासी ललिता उरांव पति पाचो उरांव से दो व्यक्ति जन सेवक बनकर आवास निर्माण की राशि से 19900 के ठगी कर लिए ।ठग अपने साथ पोस मशीन लेकर गए थे । भुक्तभोगी महिला ललिता ने बताया कि दोनों व्यक्ति मेरे घर आकर बोले की आवास निर्माण का लाभुक का का सत्यापन करने हेतु पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली हम लोगों को भेजा है। लाभुक के सत्यापन के लिए ई पोस मशीन में दो बार अंगूठा लगवा लिया। एक बार 10 हजार एवं दूसरे बार 9900 रुपए की ठगी कर लिए। ठागो द्वारा राशि की ठगी करने के बाद ललिता के पति पचो उरांव के मोबाइल में दो बार पैसा काटने का मैसेज आया ।तब महिला का पति द्वारा इसकी जांच की गई ।तो पता चला कि दो ठग ललिता के पास आए थे ।और ई पोस मशीन में उससे अंगूठे दो बार लिए थे। इस मामले पर पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की इस तरह की घटना की सूचना मिली है। लेकिन लाभुक जागरूकता के अभाव में अपना अंगूठा ई पोस मशीन में लगा दी। जिसके कारण लागू कर पैसा निकाल लिए। जागरूकता के कमी के कारण इस तरह कर ठगी करने में सफल हो जाते हैं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर टास्क फोर्स गठित



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

आगमी 20 अप्रैल के कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रखंड सभागार में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बीएलटीएफ की बैठक आयोजित किया। जो बीडीओ सी आर इंदीवर की अध्यक्षता और बीपीएम नारायण राम के संचालन में संपन्न हुआ। जिसमे सीडीपीओ नीलू कुमारी, एलएस कुमार निभा, सुनीता कुमारी, शिक्षक संजय कुमार दुबे, गणेश कुमार दास, मथुरा प्रसाद, दुलमहा पंचायत सेवक मनोज कुमार यादव, समाजसेवी असलम अली, रामचंद्र टुड्डू, नवल किशोर सिंह, एसएसएच एचएम सुधांशु कुमार सिन्हा और एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार शामिल हुए। बीडीओ ने उपस्थित सभी लोगो से कृमि मुक्ति दिवस सफल बनाने की अपील किया। डीएस ने बताया गया कि इस बार 1 से 19 वर्ष के लिए कुल 99306 और बफर के 9931 लक्ष्य निर्धारित किए गए है, जिसमे कुल 109236 अल्बेंडाजोल की मांग की गई है। उक्त तिथि को बरही और पदमा के सभी आंगनबाड़ी और विद्यालयों में दवाइयां उपलब्ध होंगे। सबों को हैंडवाश के साथ दवा खिलानी है. गंदगी के कारण एनीमिया भी हो सकता है। बताया गया कि 2 साल से पहले के बच्चों को आधी गोलियां चूर कर एवं दो वर्ष से ऊपर वाले को 1 गोली चबाकर खिलाना है। दवा का कोई भी साईड इफेक्ट नहीं है, फिर भी किसी भी प्रकार के समस्या होने पर मेडिकल टीम तत्काल मदद करेगा।

# रामगढ़ : पुलकित बने शतरंज के विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ में बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनका हौसला बढ़ाने हेतु रामगढ़ जिले में दो दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महाबली टीएमटी की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता धनंजय कुमार ने किया । जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2023 का फाइनल मुकाबला शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू की उपस्थिति में खेला गया । जिसमें पुलकित सिन्हा विजेता रहें और अंडर 14 के विजेता कमल को घोषित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कुंटू बाबू ने विजेताओं को नगद राशि,प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। आयोजको को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कारवाने हेतु उनका आभार प्रकट करते हुए कहा की शतरंज एक माइंड गेम है और इससे एकाग्रता आने के साथ निर्णय लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है ।

# रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया बैसाखी पर्व





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के श्री गुरूद्वारा साहिब में साध संगत ने खालसा का सृजना दिवस बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया। 14 अप्रैल को श्री गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुबह 7:00 बजे निशान साहब की सेवा की गई। जबकि 11:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास किया । कार्यक्रम के दौरान रांची से आए हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह एवं भाई सरबजीत सिंह ने बड़े ही मनमोहक अंदाज में शबद कीर्तन पेश कर संगत को निहाल किया। उनके द्वार इन्ही की किरपा से सजे हम हैं नहीं मोह से गरीब करोर परे, अमृत पियो सदा चीर जीवो, नासूरो मंसूर गुरु गोविंद सिंह गोविंद सिंह ,देह शिवा बर मोहे है शुभ कर्मन ते कबहू न डरो.... आदि शबदों शबदों के गायन से संगत को निहाल किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बैसाखी की बधाई देते हुए उनकी खुशहाली की कामना की। बैसाखी पर श्री गुरूद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुईं। मौके पर विधायक ने अरदास कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जबकि प्रबंधन कमेटी की ओर से विधायक सुनीता चौधरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में प्रबंधन कमेटी के पूर्व महासचिव सरदार जगजीत सिंह सोनी ने बैसाखी पर्व के इतिहास से संगत को अवगत कराया। इसके उपरांत गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर का आयोजन किया गया। बैसाखी पर श्री गुरूद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हरदीप सिंह होरा ,मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी , गुरु नानक स्कूल के डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, पप्पू जस्सल ,रविंद्र सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी ,जोगिंदर सिंह जग्गी, बलजीत सिंह बेदी , बंटी चमन,टीटू छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत चाना , अरविंदर सिंह सैनी ,तेजिंदर सिंह ,हरमीत सिंह कालरा ,अमरजीत सिंह, जगजीत सिंह, बिट्टू सिंह चंडोक ,गुरजीत सिंह सलूजा, बलविंदर सिंह पवार, लकी मेहरा ,जसवंत सिंह शेरगिल ,जगजीत सिंह, टोनी कोहली , डॉ मनवीर कौर ,पम्मी गांधी, पिंकी सलूजा, महिंद्र कौर, विमला मेहरा, जसप्रीत कौर जौली, नीलम अरोड़ा, रंजू अरोड़ा ,जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जगी, सुखमीत कौर ,जसप्रीत कौर, जसविंदर कौर, अनुपमा सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

# विहिप ने किया प्रांत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के गोला रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में बजरंगदल विश्व हिंदू परिषद् की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ 15 अप्रैल को जिलाध्यक्ष आलोक रत्न चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव सहित प्रांत के कई बड़े पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यशाला में झारखंड के सभी जिलों से उपस्थित हुए दर्जनों पदाधिकारियों का हौंसला बढ़ाते हुए बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव ने कहा की हमारी संस्कृति और सभ्यता साढ़े चार हजार साल पुरानी है । जो विश्वभर की सभी सभ्यताओं से हजारों वर्ष पुरानी मानी जाती है । कहा कि जब कहीं बिजली, कंप्यूटर, टेलिस्कोप,विमान या कैलकुलेटर नही हुआ करता था तब भी हमारे ऋषि मुनियों को खगोलीय ज्ञान और ग्रहों की दूरी का ज्ञान था। हमारे वेद और पुराण में शब्द इसके गवाह है। कहा कि विश्व का सबसे पुराना और हमारी वैदिक ज्ञान का धरोहर कही जाने वाली नालंदा विश्वविधालय को मुगलों के द्वारा जलाया गया था। जिसमें रखी लाखों कीमती पुस्तके कई महीनो तक जलती रही थी। जिससे हमारी वैदिक संस्कृति को नष्ट कर हमें बौद्धिक गुलाम बना सके। कहा कि आज कुछ विदेशी वैज्ञानिक पृथ्वी और सूर्य की दूरी को अपने यंत्रों से नापने पर अपनी पीठ थपथपा रहें है उसको हमारे गोस्वामी तुलसीदास ने पंद्रहवीं शताब्दी में हीं अपनी स्वरचित हनुमान चालीसा के 18वीं चौपाई में बता दिया था। इसलिए मैं तो ये कहता हूं की जब दुनियां को खाने और रहने का तरीका नही आता था उस वक्त भी हम विश्वगुरु थे। जिसको आज पश्चिमी सभ्यता झुठलाने की कोशिश करती है। प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा की आज आप सभी युवाओं के सहयोग से हमारा संगठन देश के उत्थान में अपना योगदान देने के साथ हीं अपनी सनातन संस्कृति को को संजोए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के के लिए हमेशा आगे आया है ।

## दो दिनों से गायब व्यक्ति का शव मिला

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास बंद पड़े मकान के बाहर से शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान भंडरवा निवासी प्रदीप यादव (45) के रूप में हुई है जो दो दिनों से गायब था। परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में प्रदीप यादव की हत्या की गयी है। एएसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि शनिवार को स्थानीय लोगों ने बंद पड़े मकान के बाहर शव देखा। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई पिंकी रानी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं। मृतक के पुत्र सूरज कुमार ने जमीन विवाद में कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तालाब से युवक का शव बरामद

**हजारीबाग।** हजारीबाग में हुरहुरू तालाब से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को स्थानीय लोगों को पता चला कि कोई तालाब में डूबा है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर शनिवार को युवक का शव तालाब से बरामद कर लिया। फिलहाल युवक की पहचान नही हो पाई है। पुलिस युवक के पहचान की कोशिश कर रही है।

## दो टेलर दुकानों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**रामगढ़।** शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र सौदागर मुहल्ला में 15 अप्रैल को ट्रासंफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और दो टेलर दुकानों में फैल गई। जिसके बारे में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आग से दोनो टेलर दुकान संचालकों को भारी नुकसान हुआ। क्योंकि दोनो दुकानों में रखे कपड़े पूरी तरह जल गए। साथ ही एक टेलर दुकान में ईद को लेकर सेवई की भी बिक्री की जा रहा थी वह भी जल गई। दुकान के मालिक रुस्तम ने घटना को लेकर कहा कि मेट्रो टेलर एवं मदन टेलर में ट्रांसफार्मर के शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई । जिससे दोनो दुकान जलकर राख हो गये। उन्होंने कहा कि घटना में भारी नुकसान हुआ है।

## डॉ सुनील कश्यप को झारखंड युवा संस्कृत शिक्षक सम्मान से किया गया सम्मानित



**रामगढ़।** बीआईटी मेसरा रांची में भारतीय संस्कृति ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 15 अप्रैल को समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ सुनील कुमार कश्यप ने संस्कृत का प्रशिक्षण देने का काम किया । मौके पर वैज्ञानिक ढंग से रोचकता पूर्वक प्रशिक्षण देकर सभी इंजीनियर, प्रोफेसर ,शिक्षकों को संस्कृत का पाठ पढ़ाया। जिससे सभी शिक्षक अभिभूत हुए और काफी प्रभावित हुए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रदर्शनी और संस्कृत प्रशिक्षण को सुनकर वे काफी प्रभावित हुए। प्रदर्शनी में रसायन शास्त्र, भौतिकी शास्त्र ,आयुर्वेद, धर्म ,चिकित्सा शास्त्र ,योग आदि की ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त हुई । संस्कृत का प्रशिक्षण देने में दक्षता हासिल करने वाले डॉक्टर सुनील कमार कश्यप कि प्रशिक्षण कला को देखकर काफी प्रभावित हुए । डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप को झारखंड का संस्कृत युवा शिक्षक सम्मान मिला। जिसके तहत प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के एआईसीटीई में भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग नई दिल्ली की डॉक्टर अनुराधा चौधरी और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने उन्हें सम्मानित किया।

# लोजपा ने बाबा साहब की मनाई जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

**रामगढ़।** लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती उत्साह और उमंग के साथ मनायी गई। इस मौके पर शहर के थाना चौक अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर लोजपा (रा) के जिला अध्यक्ष केवल पासवान द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जीवनभर समानता के लिए संघर्ष करते रहे। कहा कि बाबा साहेब ने भेदभाव का सामना करते हुए अपनी शिक्षा पूरी की। वे देश की आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और आजादी के बाद देश को लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान करने के लिए देश के संविधान की रचना की। कहा कि हम सब उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भारत का समुचित विकास कर उनके सपनों को पूरा कर सकते हैं। मौके पर राजकिशोर पासवान,श्याम चंद्रवंशी, मिथलेश रजक, मन्नू पासवान, गौरव कुमार,अंकित वर्मा, बंटी कुमार, गौतम कुमार, ऋषभ कुमार,उदय कुमार सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कर्नाटक रवाना हुए विधायक मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव- 2023 को लेकर झारखंड के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार का दायित्व सौंपा है। आगामी कुछ दिनों के लिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए प्रवास पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी रहेंगे। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए भाजपा विधायक शनिवार की देर शाम अपने विश्वेश्वर दयाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर से कर्नाटक के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ विक्ट्री का निशान दिखाते हुए यह संकेत दिया कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन होगा। कर्नाटक चुनाव में बतौर एक पार्टी कार्यकर्ता उन पर विश्वास जताने के लिए विधायक ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस का सफाया होगा।

# पुलिस गिरफ्त में एके इंटरनेशनल होटल के संचालक, डेमोटांड़ की फैक्ट्री सील






**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग के प्रसिद्ध एके इंटरनेशनल होटल के संचालक और कोयला व्यवसायी एके सिंह को हजारीबाग पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि कोल लिंकेज के मामले में जांच करने के लिए हजारीबाग के सदर एसडीओ विद्याभूषण और जिला खनन पदाधिकारी उनकी डेमोटांड़ स्थित फैक्ट्री में गए थे। इसी दौरान एक ट्रक में कोयला लोडिंग हो रहा था। कोयला लोडिंग करने के दौरान ही कोल व्यवसायी एके सिंह वहां पहुंच गए. ऐसे में कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही थी। उन्हें हिरासत में लेने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग कुमार को भी आगे की कार्रवाई के लिए बुलाया गया। देर शाम खबर लिखे जाने तक एके सिंह को थाने में रखा गया था और आगे की कार्रवाई के लिए प्रक्रिया जारी थी। एके सिंह जाने-माने कोयला व्यवसायी हैं। यह भी कहा जाता है कि उनके पास सैकड़ों ट्रक और आधा दर्जन से अधिक फैक्ट्रियां भी हैं। डेमोटांड़ कोल फैक्ट्री में जिला प्रशासन ने छापेमारी भी की। छापेमारी करने के दौरान सुपर कोल फैक्ट्री को प्रशासन ने सील कर दिया। वहीं एक ट्रक कोयला भी जब्त होने की बात कही जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन में एसडीओ और डिस्ट्रिक्ट माइनिंग अफसर शामिल थे। हिरासत में लेने के बाद उन्हें मुफस्सिल थाना लाया गया। मुफस्सिल थाना लाने के बाद किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही थी। आलम यह है कि इस ऑपरेशन में कोई भी पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं।

**आस्था** — नौ दिवसीय श्री मारुति नंदन सह रामचरित मानस महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

# भक्तिमय हुआ पैसरा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो पंचायत के ग्राम पैसरा स्थित नव निर्मित हनुमान मंदिर में 6 मई से 14 मई तक होने वाले नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री मारुति नन्दन सह रामचरित मानस महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी , बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, मुखिया चिंता देवी, पूर्व मुखिया अशोक रविदास शामिल हुए। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पूर्व गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं ग्रामीणों ने यज्ञ की समाप्ति तक पूरे गांव में मांस मदिरा का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। यज्ञ समिति के मुताबिक यज्ञाचार्य जय राम शरण जी महाराज अयोध्या कथावाचक श्री दुर्गेश जी महाराज अयोध्या और कथावाचिका मानस मंजरी सुनीता रामायणी बनारस के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद एवम आशा कुमारी समेत शंकर दयाल प्रसाद, द्वारिका महतो, त्रिभुवन प्रसाद, भीमलाल प्रसाद, महेंद्र सिंह,, भीखन यादव, बबुनी महतो, लेखराज महतो, चुरामन महतो, बैजू महतो, किशुन महतो ,जितेंद्र प्रसाद, अशोक ठाकुर, अंगलाल ठाकुर, धर्मचन्दी यादव, जिबलाल यादव दिनेश यादव, दिनेश यादव, विनय शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, टुकलाल महतो, टिपलाल प्रसाद, नरेश कुमार, राजकुमार रविदास, गांगो महतो, महेंद्र रविदास, महेश महतो, रामचंद्र प्रसाद , मुनिया देवी, माला कुमारी, गीता देवी समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे।

# डिजिटल सर्वे की टीम ने डॉ बीआर आंबेडकर स्कूल के शिक्षकों का किया सर्वे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन अपनी रजत जयंती के अवसर पर प्रखंड में डिजिटल साक्षरता की दर बढ़ाने को लेकर पिछले सोमवार से लगातार सर्वे का काम कर रही है । सर्वे केंद्र निदेशक प्रदीप कुमार सिन्हा के निर्देशन में किया जा रहा है । इसके तहत प्रखंड के विभिन्न गांव में भ्रमण कर कंप्यूटर साक्षरता की दर जानकारी के साथ इसे आम जनता तक सुगम बनाने में आने वाले समस्याओं की जानकारी ली जा रही है । इसी क्रम में शनिवार को मलकोको पंचायत के डॉक्टर भीमराव अंबेदकर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का डिजिटल सर्वे किया गया । उन्हें डिजिटल साक्षरता के लिए प्रेरित करते हुए केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे साक्षरता कार्यक्रम में सार्थक भूमिका निभाने की अपील की गई। मौके पर प्राचार्य गुलाब कुमार दास, शिक्षक शंकर दास, सकलदेव यादव, शिव कुमार यादव, शिक्षिका पूजा कुमारी, फरजाना खातून और ललिता कुमारी का सर्वे कर उन्हें केंद्र निदेशक ने केंद्र का स्मारिका भी प्रदान किया। सभी शिक्षकों ने केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर खुद को डिजिटल साक्षर बनाने की बात कही । साथ ही सभी विद्यार्थियों को भी इससे जुड़ने का अपील किया ।

